शहरों का तापमान | मुजफ्फरपुर : अधिकतम 33.0°C न्यूनतम 15.0°C | सीतामढ़ी : अधिकतम 33.0C न्यूनतम 15.0C | prabhatkhabar.com




# हर्षोल्लास के साथ निकली शोभायात्रा-जुलूस

**प्रतिनिधि, शिवहर**

रामनवमी का त्यौहार शुक्रवार को पूरे जिले में लोगों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया. मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के नेतृत्व में हजारों श्रीराम भक्तों ने पुरनहिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अशोगी गांव स्थित बौद्धि माता स्थान से स्थानीय सांसद लवली आनंद द्वारा भव्य शोभायात्रा जुलूस निकाला गया. जहां आकर्षक झांकियां पूरे भगवा रंग में रंगा रहा.शोभायात्रा में शामिल सैकड़ों युवाओं ने उत्साह के साथ हाथों में भगवान श्रीराम और बजरंग बली का ध्वजा लेकर बाइक के माध्यम से जय श्रीराम- जय श्रीराम के जयघोष लगाते हुए पिपराही प्रखंड होकर लगभग 16 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर शिवहर नगर परिषद में प्रवेश किया गया.इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय रस में सराबोर रहा. साथ ही शोभायात्रा शहर के राजस्थान चौक से जीरोमाइल चौक होते हुए समाहरणालय गेट होकर पुनः जीरोमाइल चौक से राजस्थान चौक, गांधी चौक, ब्रह्मस्थान चौक, रजिस्ट्री चौक से पछियारी पोखर श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी मठ तक पहुंचा. शोभायात्रा को विभिन्न चौक- चौराहों पर हिन्दु और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया.इस दौरान एसडीएम अविनाश कुणाल एवं यातायात डीएसपी भाई भरत कुमार, नगर थानाध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह ने स्वयं विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था कमान अपने हाथों में लेकर मॉनिटरिंग करते देखा गया.इसके अलावा विभिन्न चौक- चौराहों पर पुलिस बलों की तैनाती देखी गई.मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष संजय सिंह, विभाग मंत्री अशोक उपाध्याय, लोजपा रा जिलाध्यक्ष विजय कुमार पांडे, भाजपा नेत्री डॉ नूतन माला सिंह, राम विनय सिंह, सुजीत तिवारी, रवि रंजन, सुजीत कुमार, शिवललासिंह, लक्ष्मण शाह, राजदीप पांडे, देवानंद कुमार, हरि किशोर राय, कमल कुमार, अमन कुमार, अर्जुन कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में विहिप एवं बजरंग दल के सदस्य और युवा कार्यकर्ता मौजूद थे.


शिवहर के शोभायात्रा जुलूस में शामिल सैकड़ों श्रीराम भक्त जन व श्रद्धालु गण .

**मठ-मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया रामनवमी पर्व. बोखड़ा.** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया. सुबह से ही मठ-मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगने लगी. प्रखंड के उखड़ा, भाउर, पतनुका, बनौल, कुरह, धाधी मठ व महिसौथा समेत अन्य गांव स्थित मंदिर में उत्सव का माहौल रहा. मंदिर परिसरों में बजरंग ध्वज फहराने के साथ हीं प्रसाद का वितरण किया गया. उखड़ा गांव स्थित ठाकुरवाड़ी मंदिर के पुजारी नागेंद्र तिवारी ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना एवं जन्म उत्सव मनाया गया. मौके पर पंडित प्रेम कुमार झा, धर्मेंद्र तिवारी, गोविंद कुमार, नीरज तिवारी, हरेश कुमार तिवारी, शोभा देवी, अनिल तिवारी, कामेश्वर तिवारी, छोटन तिवारी, अमरेश तिवार व अशोक कुमार समेत अन्य मौजूद थे.

## देवी मां दुर्गा की खोइंछा भरने के लिए उमड़ी महिलाएं


पछियारी पोखर श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी मठ पर मां दुर्गा की पूजा करते श्रद्धालु गण

**शिवहर** : चैती नवरात्र की नवमी तिथि के अवसर पर शुक्रवार को नगर के पछियारी पोखर श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी मठ एवं खैरवा दर्प गांव स्थित मां मनोकामना पूर्ण देवी स्थान मंदिर सहित जिले के कई पूजा पंडालों में मां दुर्गा के नौवें स्वरुप मां सिद्धिदात्री की विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया . साथ ही विभिन्न पूजा पंडालों में मां दुर्गा की पूजन व खोइंछा भराई की परंपरा के लिए श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा . शहर के श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी मठ एवं खैरवा दर्प गांव स्थित दुर्गा मंदिर में नवमीं पर कन्या पूजन किया गया .

## सियारी गांव में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का शुभारंभ


हेल्थ एंड वेलनेंस सेंटर के उद्घाटन के मौके पर मौजूद अधिकारी व अन्य .

**बोखड़ा**. प्रखंड के कुरहर पंचायत अंतर्गत सियारी गांव में शुक्रवार को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का शुभारंभ किया गया. सिविल सर्जन के आदेश व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्देशन में मनीष कुमार के निजी मकान में इस नये हेल्थ एंड वेलनेंस सेंटर का उद्घाटन सचिव, तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन मनीष कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र कुमार एवं प्रखंड लेखा प्रबंधक आलोक कुमार ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया. शुभारंभ के पश्चात केंद्र पर नियमित स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ कर दी गई. सीएचओ धर्मेंद्र कुमार और संबंधित एएनएम द्वारा 15 मरीजों को ओपीडी सेवाएं प्रदान की गईं तथा आवश्यकतानुसार दवाओं का वितरण भी किया गया. बताया गया कि यह केंद्र स्थानीय समुदाय को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. इस मौके पर अभिषेक पटेल, सौरभ कुमार, सत्य प्रकाश कुमार, एएनएम रीता कुमारी, परीरूमा कुमारी, नमिता कुमारी, विभा देवी, निशा कुमारी, आशा कार्यकर्ता मांडवी कुमारी, बबीता देवी, शिवकला देवी, रूपम देवी, डाटा ऑपरेटर राजू कुमार, बबलू कुमार, एंबुलेंस कर्मी सुनील कुमार, विनय कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे.

# पोझियां गांव में विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला, इलाके में सनसनी

**प्रतिनिधि, तरियानी (शिवहर)**

शिवहर जिले के तरियानी थाना क्षेत्र अंतर्गत पोझियां गांव के वार्ड संख्या-15 में गुरुवार की सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक घर के बंद कमरे से महिला का शव फंदे से लटका हुआ बरामद किया गया. मृतका की पहचान स्थानीय निवासी मोहम्मद मुर्तुजा की पत्नी सहानी खातून के रूप में की गई है. इस घटना के बाद से पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है.

**आपसी विवाद बनी वजह?.** जानकारी के अनुसार, मृतका और उसके पति के बीच किसी बात को लेकर आपसी विवाद चल रहा था. बताया जा रहा है कि बुधवार की शाम विवाद बढ़ने के बाद सहानी खातून ने कमरे के अंदर कथित रूप से फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. घटना की भनक परिजनों और ग्रामीणों को गुरुवार की सुबह लगी, जिसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई.


मामले में पूछताछ करती पुलिस .

**पुलिस की कार्रवाई और जांच.** सूचना मिलते ही तरियानी थाना प्रभारी विनय प्रसाद पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लिया. पुलिस ने कमरे के अंदर से शव को फंदे से नीचे उतारा और कागजी प्रक्रिया पूरी कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. घटना की गंभीरता को देखते हुए शिवहर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशील कुमार ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की.

**अधिकारियों का बयान.** एसडीपीओ सुशील कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस सभी बिंदुओं पर बारीकी से छानबीन कर रही है. उन्होंने स्पष्ट किया कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा. फिलहाल पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया है.

## भहमा पुल के समीप 225 लीटर शराब व तीन बाइक जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**पुपरी.** थाना पुलिस ने दिवा गश्ती के दौरान थाना क्षेत्र के भहमा पुल के समीप 225 लीटर नेपाली सौंफी शराब के साथ तीन बाइक व एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है. वहीं, एक तस्कर भागने में सफल रहा है. इस संबंध में पुअनि विजेंद्र नारायण के आवेदन पर स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है. जिसमें नानपुर थाना क्षेत्र के बहेड़ा जाहिदपुर निवासी प्रदीप सहनी के पुत्र राम पुकार सहनी व सिरसी निवासी विनय मिश्र के पुत्र निखिल मिश्र को नामजद आरोपी बनाया गया है. गिरफ्तार तस्कर निखिल मिश्र को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

## मेहसौल थाना पुलिस ने चलाया रोको-टोको अभियान

**सीतामढ़ी**. मेहसौल थाने की पुलिस टीम ने शुक्रवार की शाम शहर के विभिन्न जगहों पर रोको-टोको अभियान चलाया. विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर चलाये जा रहे उक्त अभियान के तहत मेहसौल चौक, डुमरा रोड, राजोपट्टी शिव मंदिर रोड, बाइपास रोड समेत अन्य जगहों पर सघन चेकिंग की गयी. इस अभियान में थानाध्यक्ष मो असदुल्लाह, पुअनि नवीन कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे.

## बिहार परिचारिका निबंधन परिषद्, पटना

राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना (पुराने भवन)
तृतीय तल, पश्चिमी भाग, शेखपुरा, पटना- 800 014 (बिहार)
ईमेल आई.डी : registrar.bnrc-bih@gov.in

सं.सं.- 02/2026-461 /BNRC | दिनांक - 26.03.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

Written Examination Programme for GNM & RANM of Batch October 2025 (Time Table)
1st Sitting (11:00 AM- 02:00 PM)

| Date | Course/Year | Subject |
|---|---|---|
| 06.04.2026 | GNM | Midwifery & Gynocology Nursing |
| 07.04.2026 | 3rd year | Community health nursing- II |
| 08.04.2026 | GNM 1st Year | Bio Sciences |
| | GNM 2nd year | Medical Surgical Nursing- I |
| | RANM 1st year | Community health nursing |
| 09.04.2026 | GNM 1st Year | Behavioural Sciences |
| | GNM 2nd year | Medical Surgical Nursing- II |
| | RANM 1st year | Health Promotion |
| 10.04.2026 | GNM 1st Year | Nursing Foundation |
| | GNM 2nd year | Mental health Nursing |
| | RANM 1st year | Primary health Care Nursing |
| | RANM 2nd year | Midwifery |
| 11.04.2026 | GNM 1st Year | Community health nursing-I |
| | GNM 2nd year | Child Health Nursing |
| | RANM 1st year | Child health nursing |
| | RANM 2nd year | Health Centre mangement |

नोट:- मौखिक एवं व्यवहारिक परीक्षा दिनांक 15.04.2026 से प्रारम्भ की जायेगी।

2.उपरोक्त प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह./-
(माया वर्मा)
निबंधक-सह-सचिव
बिहार परिचारिका निबंधन परिषद्, पटना।

## संघर्ष मोर्चा की बैठक में किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**रीगा.** स्थानीय मिल बाजार स्थित लालबाबू गुप्ता के आवासीय परिसर में शुक्रवार को पारसनाथ सिंह की अध्यक्षता में संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा के सक्रिय सदस्यों की बैठक हुई, जिसमें किसानों के विभिन्न समस्याओं के लिए अंचल कार्यालय को जिम्मेदार ठहराया गया. मोर्चा नेता डॉ आनंद किशोर ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से किसानों का तैयार फसल विगत पांच वर्षों में दर्जनों बार बर्बाद हुआ है, परंतु सरकारी घोषणा के बाद भी फसल सहायता अनुदान की राशि नहीं मिल पाई है.

इसका कारण जमीन संबंधी कागजात किसानों के नाम पर अब तक नहीं बन सका है. अंचल कार्यालय शुद्ध रूप से बिचौलिया से संचालित है. जो नाजायज रुपए लेकर काम कराता है. वर्तमान समय में सीओ हड़ताल पर है. जिनको प्रभार मिला है, वे कभी फोन नहीं उठाते हैं. इसके कारण आम लोग परेशान है. फसल अनुदान या किसी प्रकार की सुविधा प्राप्त करने के लिए जमीन का रसीद अति आवश्यक है.

मौके पर संजीव कुमार चौधरी, नागेंद्र बैठा, धर्म प्रकाश प्रसाद, मोहन राम, शैलेंद्र ठाकुर, कौशल किशोर सिंह, राम जन्म गिरी व रामाशंकर राय समेत अन्य किसान मौजूद थे.

# नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है, इसकी देखभाल जरूरी


प्रभातफेरी व जागरूकता कार्यक्रम में नेत्र चिकित्सक व अन्य .

- नेपाल नेत्र ज्योति संघ 47वीं जयंती पर प्रभातफेरी व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**प्रतिनिधि, बैरगनिया/रौतहट(नेपाल)**

सीतामढ़ी जिला के सटे नेपाल के रौतहट में शुक्रवार को नेपाल नेत्र ज्योति संघ द्वारा उनके स्थापना के 47 वीं वर्षगांठ पर शहर में प्रभातफेरी व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. शुक्रवार सुबह में नेपाल नेत्र ज्योति संघ के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में गौर शहर के घंटाघर चौक से संघ से सदस्यों, चिकित्सक, गौर नेत्र अस्पताल के कर्मचारियों व बुद्धिजीवियों द्वारा प्रभातफेरी का आयोजन किया गया. प्रभातफेरी के दौरान नेत्र दान महादान के नारे लगाते हुए आंखों की सुरक्षा व इसके देखभाल के लिए जागरुकता फैलाई गई.

प्रभातफेरी धरखन चौक, नेपाल लॉज, ट्रांसमीटर चौक, गौर भंसार व भारत-नेपाल सीमा के पास स्थित क्रांति द्वार होते हुए राइस मिल मैदान में समाप्त हुई. वहां एक सभा का आयोजन किया गया. संबोधित करते हुए संघ सह गौर आंखा अस्पताल के अध्यक्ष सिंह ने कहा कि नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है. नेत्र के अभाव में जीवन अंधकारमय व घोर कष्टमय हो जाता है. नेत्र की सुरक्षा व देखभाल कर हम अपने अनमोल जीवन को सुखमय बना सकते हैं. साथ दूसरे की सहायता भी कर सकते हैं. इस मौके पर संघ के शाखा सचिव बच्चा प्रसाद यादव, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ मनोज कुमार साह, अस्पताल प्रशासक नागेश्वर प्रसाद चौधरी, दृष्टि विशेषज्ञ मदन चौधरी, नेत्र अधिकृत शिव कुमार यादव, पूनम यादव, नेत्र ज्योति संघ के पूर्व अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद यादव सहित कई लोग मौजूद रहे.

## पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! | punjab national bank ...the name you can BANK upon !

शाखा-डुमरा, अंचल कार्यालय -चम्पारण, SAM विभाग, उज्जवल कॉम्पलेक्स, चाँदमारी चौक, मोतिहारी-845401, ई-मेल : cochamprecovery@pnb.co.in

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना (ई नीलामी बिक्री सूचना)**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना. एतद द्वारा सामान्य रूप से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार (ओं) को सूचना दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को संरक्षित / सुरक्षित लेनदार को बंधक/प्रभारित किया गया है, जिसका रचनात्मक /भौतिक/सांकेतिक (जो भी लागू हो) जिसका कब्जा बैंक के अधिकृत अधिकारी /प्रतिभूत लेनदार द्वारा लिया गया है. संबंधित उधारकर्ता(ओं) और जमानतदा(रों) से बैंक /सुरक्षित लेनदार होने के कारण अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिये तालिका में उल्लेखित तिथि पर ''जहां भी है'', ''जैसा भी है'', ''जो कुछ भी है'' और "जिस अवस्था में है" के आधार पर बेचा जाएगा. सुरक्षित मूल्य और अग्रधन जमा राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दिये गये तालिका में उल्लेखित है.

**सुरक्षित संपत्तियों की अनुसूची**

**ई नीलामी की तिथि : 28.04.2026 (ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 28.04.2026 पूर्वाह्न 12.00 बजे तक)**

| क्रम सं0 | शाखा का नाम / खाता का नाम / नाम एवं पता उधारकर्ता/ गारंटर के खाते का | बंधक रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/स्वामी का नाम [संपत्ति(यों) के बंधककर्ता]- | ए) मांग सूचना कि तिथि U/S 13(2) बी) बकाया राशि 13(2) नोटिस तिथि को सी) कब्जा तिथि U/S 13(4) डी) कब्जे की प्रकृति- प्रतिकात्मक/भौतिक/रचनात्मक | ए)सुरक्षित मूल्य- बी) ईएमडी सी) बीड वृद्धि की राशि | ई-नीलामी की तिथि/समय | भार का विवरण- सुरक्षित लेनदार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीएनबी-डुमरा (902400)<br>मो0 गुलाब (902400NC00000163)<br>मो0 गुलाब, पिता-मो0 बदरे आलम वार्ड नं0-14, बनगाँव बाजार, बजाजपट्टी, सीतामढ़ी-843314<br>मो0 बदरे आलम पिता मो0 मुस्लिम ग्राम-गेनपुर, बनगाँव बाजार, पोस्ट एवं थाना-बजाजपट्टी, सीतामढ़ी-843314 | आवसीय मकान जिसका क्षेत्रफल 4 डिसमील जिसका मौजा-बनगाँव, अंचल एवं थाना-बजाजपट्टी, थाना नं0-108, खाता नं0-3364, सर्वे नं0-573, सब डिविजनल कार्यालय-पुपरी, जिला-सीतामढ़ी. **चौहद्दी** : उत्तर-रोड, दक्षिण-प्रकाश महतो, पूरब-मुनचुन देवी, पश्चिम-फैज अली, सेल डीड नं0-3089, दिनांक 15.06.1990 **स्वामी / बंधककर्ता** : मो0 बदरे आलम, पिता-मो0 मुस्लिम | ए) 07.08.2025<br>बी) रू0 2052572.41/- 31.07.2025 को+ब्याज एवं अन्य शुल्क 01.08.2025 से पूर्ण भुगतान तक<br>डी) 23.10.2025<br>ई) प्रतिकात्मक | ए) रू0 2201500/-<br>बी) रू0 220150 /-<br>सी) रू0 20000/- | 28.04.2026 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक | ज्ञात नहीं. |

**नियम व शर्तें** : बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तों के अधीन होगा और निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा.
1. संपत्तियां ''जहां भी है'', ''जैसा भी है'', ''जो कुछ भी है'' और "जिस अवस्था में है" के आधार पर बेची जा रही हैं.
2. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा.
3. बिक्री वेबसाइट https://BAANKNET.COM पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से **28.04.2026 को पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक** अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी और सुरक्षित लेनदार द्वारा पुष्टि की जायेगी.
4. बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया Website https://baanknet.com & www.pnbindia.in पर जाएं.

स्थान-मोतिहारी
दिनांक : 26.03.2026

श्री रवि कुमार, मो0-8787217004
प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक (सुरक्षित लेनदार)

**STATUTORY 30 DAYS SALE NOTICE UNDER RULE 8(6) OF THE SARFAESI ACT, 2002**